तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025

10 मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान ...



10 बरखा ने ग़ज़लों से समां बांधा तो हरेंद्र ने ...





## खबर संक्षेप

### रथ निर्माण में लगे कारीगरों के बीच पहुंचे विधायक देव



**जगदलपुर।** विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व के तहत मंगलवार को शाम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने सिराहसार में रथ निर्माण कार्य कर रहे कारीगर ग्रामीणों से मुलाकात की। वहीं चर्चा में उनका हाल जाना। इस दौरान सुरेश गुप्ता,आर्येंद्र सिंह,शशि रथ, नरेन्द्र पानीग्राही, योगेश ठाकुर, योगेश शुक्ला व अन्य उपस्थित थे।

### मल्टी लेवल पार्किंग का शीघ्र निर्माण हो

**जगदलपुर।** शहर में कही भी व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था न होने



के कारण आमजन और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक संगठन पब्लिक वॉइस के रोहित सिंह आर्य ने कहा कि पार्किंग की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहीं यातायात विभाग द्वारा चालानी कार्यवाही की जाती है। इस वजह से आम नागरिकों और व्यापारियों पर दोहरी मार पड़ रही है। ग्राहकों की संख्या प्रभावित हो रही है और व्यापारियों का कारोबार लगातार गिर रहा है। पूर्व में चिन्हांकित मल्टी लेवल पार्किंग स्थल का शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाये।

### कन्या पॉलिटेक्निक में किया गया पौधरोपण



**जगदलपुर।** धरमू माहरा शासकीय कन्या पॉलीटेक्निक में रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पौधरोपण किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य एस. के. त्रिवेदी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। छात्राओं ने मिलकर मानव श्रृंखला का निर्माण किया तथा 25 गमलों में सजावटी एवं पुष्पीय पौधों का रोपण किया। संचालन व्याख्याता सुषमा देवांगन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की प्रथम एवं पंचम सेमेस्टर की छात्राएं तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### पंडरिया विधायक बोहरा का सर्किट हाउस में भव्य स्वागत



**जगदलपुर।** पंडरिया विधायक एवं गोवर्धन मठ पूरी के पीठाधीश्वर श्रीमज्ज जगतगुरु शंकराचार्य की शिष्य भावना बोहरा का आज शहर आगमन हुआ। स्थानीय सर्किट हाउस में पीठ परिषद आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी के कार्यकर्ताओं ने श्रीमज्ज जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का तैल चित्र भेंट कर उनका सम्मान किया। इस दौरान महापौर संजय पांडे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, निगम एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता समेत आदित्यवाहनी के संभाग प्रमुख अनिल सामंत,संभाग उपाध्यक्ष दृशान चक्रवर्ती,संभाग सचिव योगेश शुक्ला,जिलाध्यक्ष योगेश ठाकुर,जिला उपाध्यक्षवअभय दीक्षित,जिला सचिव संतोष बाजपेयी,मृणाल मलिक,किरण शुक्ला,पंडित अनिरुद्ध मिश्रा निर्मल पाणिग्राही,संजय विश्वकर्मा,राणा घोष,कलावती कसेर,योगेश मिश्रा,समेत अन्य सम्मलित रहे।

### व्यापम लेगा स्टॉफ नर्स भर्ती परीक्षा 21 को

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत स्टॉफ ▶▶| शेष पेज 10 पर

# महतारी वंदन योजना में करदाता और शासकीय सेवा महिला हितग्राहियों के नाम सूची से कटेंगे

## गलत तरीके से योजना का लाभ ले रही अपात्र महिलाओं से रिकवरी की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

सरकारी योजना का लाभ ले रही हजारो महिला हितग्राहियों को महिला एवं बाल विकास विभाग ने अपने पड़ताल में अयोग्य घोषित करते महतारी वंदन योजना से उनके नाम विलोपित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग इस योजना के दस्तावेज खंगालना प्रारंभ कर दिया है। सूची में ऐसी हितग्रहियों महिलाओं के नाम सम्मलित होने पर विभाग हरकत ने आ गया है। विभाग प्रमुख मनोज सिन्हा ने दस्तावेजो की जांच के निर्देश दिए है। बस्तर जिले के 3 हजार 399 महिलाओं के नाम सूची से काटे गए हैं। इनमें से 1 हजार 923 हितग्राही वे हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी थी जबकि बाकी महिलाओं के दस्तावेज में गड़बड़ी पाए गए या वे सरकारी सेवा में रहते हुए भी योजना का लाभ ले रही थीं। इसके अलावा कुछ अन्य मामलों में भी गलत दस्तावेज के आधार पर इस योजना का लाभ ले रही थी।

### 2 हजार हितग्राहियों की हुई मौत

विभागीय जानकारी के अनुसार जिले में लगभग 2 हजार हितग्राही महिलाओं की मृत्यु हो गई है। ऐसी महिलाओं की राशि होल्ड किया गया है। अन्य गड़बड़ी के मामलों की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है।




### किया जाएगी रिकवरी

महिला एवं बाल विकास अधिकारी मनोज सिन्हा का कहना है कि कई मामलों में मृत्यु की जानकारी देर से मिलने के कारण राशि जारी हो गई थी। जिसे अब रिकवरी किया जा रहा है।

## हादसा : चारपहिया सवार महिला व स्कूटी के पास खड़े युवक की गई जान

# अनियंत्रित वाहन ने स्कूटी को मारी टक्कर, महिला समेत दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शक्तिपीठ दंतेवाड़ा से दर्शन कर लौट रहे सूमो वाहन के अनियंत्रित होकर बास्तानार मुख्य मार्ग में दुर्घटनाग्रस्त होने से सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस हादसे में सड़क किनारे स्कूटी लेकर खड़े युवक भी चपेट में आ गया, जिससे उसकी भी जान चली गई।

- दंतेवाड़ा से दर्शन कर लौटने के दौरान हुआ हादसा

कोड़ेनार थाना प्रभारी अमित पद्मशाली ने बताया कि घटना अपरान्ह लगभग तीन बजे की है। दंतेवाड़ा की ओर से आ रहे सूमो वाहन क्रमांक सीजी 17 सी 2652 बास्तानार मुख्य मार्ग में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी स्कूटी क्रमांक सीजी 18 क्यू 2304 से टकरा गई। इस हादसे में किरन्दुल निवासी शुभम सक्सेना 27 वर्ष तथा सूमो में सवार जगदलपुर निवासी सविता ठाकुर 65 वर्ष की मौत हो गई। वहीं हादसे में दो अन्य घायल हो गए है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना किया गया। जहां उनका उपचार जारी है।



हादसे के बाद सूमो चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सूमो का चालक स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर घाटी में जा गिरा। बताया जा रहा है कि जगदलपुर निवासी यश ठाकुर अपने भाई हर्ष व परिवार की दो महिलाओं और चालक के साथ गुरुवार सुबह दंतेवाड़ा स्थित माँ दंतेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए गए थे। दर्शन के बाद सभी सूमो वाहन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सूमो वाहन जैसे ही बास्तानार घाट के करीब पहुंचा तभी सड़क किनारे खड़े स्कूटी सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते सूमो स्कूटी सवार को ठोकर मारते हुए सीधे घाटी में गिर गया ।

### चालक की तलाश जारी

*इस हादसे में दो की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकालकर तुरंत अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। कोड़ेनार पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।*

# किसान संघ ने किया तहसील कार्यालय का घेराव, दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

किसानों ने गुरुवार को तहसील कार्यालय का घेराव व धरना प्रदर्शन किया। भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के बैनर तले जिला बस्तर के द्वारा किसानों के विभिन्न समस्याओ को लेकर धरना किया गया। मांगो में बिजली बिल की बढ़ी हुई कीमत वापस लेने, स्मार्ट मीटर को निकालने, फसल के लिए सिंचाई रकबा बढाने, बिजली कटौती पुर्ण रूप से बंद करने, पिछले सरकार न्याय योजना की बकाया चौथी किश्त दिपावली के पहले भुगतान करने,धान की राशि प्रति क्विटल मे बढ़ी हुई राशि जोड़कर भुगतान करने,धान खरीदी एक नवंबर से प्रारम्भ करने, जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार से अनुदान देने, धान खरीदी मे किसानों से मापदंड अनुसार ही तौलने,खाद की काला बाजारी बंद करने एवं सहकारी समितियों मे भंडारन सुनिश्चित करने अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की गई। लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने,किसानों को कृषि योजना अनुसार कम दस्तावेज लेकिन वि द्यु ति क र ण करने,सौर उर्जा पम्प कनेक्शनों को सुधार करने,अधिकारियो की कार्यालय मे उपस्थिति अनिवार्य करने समेत 28 मुख्य मांगे लेकर धरना दिया गया। धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र सौंपा। इस दौरान भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष नील कुमार बघेल, जिला मंत्री सतेंद्र सिंह ठाकुर जिला कोषाध्यक्ष नन्द किशोर पाण्डेय महिला प्रमुख जयंती नेताम सह मंत्री लखमी बघेल, जिला पदाधिकारी शंकर राव सोनी,भुपेन्द्र कच्छ रमेश कश्यप ▶▶| शेष पेज 10 पर

- बिजली बिल की बढ़ी कीमतों को वापस लेने की मांग

# काछनगुड़ी स्थल की व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त करें : महापौर



**जगदलपुर।** विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व की तैयारियों के तहत नगर निगम महापौर संजय पाण्डे काछनगुड़ी स्थल पहुंचे। वहां चल रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने दशहरा आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने कहा। निरीक्षण के दौरान महापौर ने उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि विश्व प्रसिद्ध दशहरा जैसे पर्व में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और आमजन की सुविधाओं से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। महापौर ने निर्देशित किया कि जहां भी कमी दिखाई दे, उसे तत्काल दूर किया जाए, ताकि पर्व के ▶▶| शेष पेज 10 पर

# 35 एकड़ भूमि पर बन रहे जंगल लॉन में होंगे आइलैंड, जिम, योग शेड भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के लालबाग चौक के पास शहरवासियों सहित पर्यटकों की सुविधा के लिए वन विभाग 35 एकड़ जमीन में जंगल लॉन का निर्माण किया जा रहा है। इसमें आयलैंड, पैगोड़ा, जिम और योग शेड किया जा रहा है, पर इसमें ट्रेक का निर्माण हो चुका है। जंगल लॉन में मार्निंग एवं शाम को वॉक में लोग चिड़ियों का उड़ते देखना और चहचहाहट सुनेंगे। इससे पक्षियों को उड़ता देखकर जीवन में बिना रुके आगे बढ़ते रहने की सीख मिलती है, इनकी चहचहाहट ▶▶| शेष पेज 10 पर

- नागरिकों के साथ पर्यटक भी सुबह-शाम ले सकेंगे पक्षियों, तितलियों का आनंद

# आश्रम-छात्रावास में सतत साफ सफाई व्यवस्था बनाएं रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर हरिस एस ने आज बस्तर विकासखंड क्षेत्र का निरीक्षण दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत गोड़ियापाल, चेराकुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर ग्राम विकास के कार्ययोजना को बेहतर बनाने के लिए ग्राम के आदि सहयोगी, साथी कैडर को निर्देशित किया। उन्होंने ग्राम विकास के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की भी अपील की। इसके अलावा नवीन राशन कार्ड बनाने, राशन कार्ड में संशोधन और मनरेगा जॉब कार्ड बनाने संबधित शिविर का अवलोकन किया। साथ ही शिविर में बैंकों से संबंधित कार्यों और बीमा योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को देने के लिए निर्देशित भी किया। निरीक्षण के दौरान गोड़ियापाल के आश्रम-छात्रावास का आकस्मिक जायजा लिया, उन्होंने आश्रम की भोजन व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने आश्रम में सतत स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इसके अलावा उन्होंने सोनारपाल में महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित रेडी टू ईट यूनिट का ▶▶| शेष पेज 10 पर

- कलेक्टर ने किया बस्तर विकासखंड क्षेत्र का निरीक्षण

## राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सलाहकार ने ली समुदाय की बैठक

# ईसाई, सिख और जैन समाज ने मांगी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के एडवाइजरी पैनल सदस्य प्रकाश मोदी ने कलेक्टर एस हरीश से मुलाकात कर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से चर्चा में उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। सबका साथ सबका विकास को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के विजन को स्थानीय स्तर पर पहुंचा रहे हैं। वहीं स्थानीय समस्याओं को भारत सरकार तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इसी तारतम्य में उनका जगदलपुर प्रवास हुआ हैं। आज ईसाई समाज की ओर से कब्रिस्तान भूमि उपलब्ध कराने की मांग की गई। सिख समाज के द्वारा गुरुद्वारा की भूमि की मांग की गई। जैन समाज द्वारा सामुदायिक भवन मंदिर हेतु भूमि की मांग की गई, बच्चों को छात्रवृत्ति स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सुविधा के बारे में सभी ने अपनी बात रखी । आयोग अध्यक्ष ने सभी को विस्तृत जवाब दिया। बैठक में डिप्टी कलेक्टर



बंजारे, ट्राइबल के असिस्टेंट कमिश्नर शोरी , असिस्टेंट डायरेक्टर तनुजा नाग उपस्थित रहे। जैन समाज से रूपेश जैन , अनूप जैन, विवेक जैन, सिख समाज, ईसाई समाज, बौद्ध समाज, श्वेतांबर जैन समाज के प्रकाश आदि नागरिक उपस्थित रहे ।

### समस्याओं से संबंधित आवेदन दें: कलेक्टर

*अंत में कलेक्टर ने बताया कि जो स्थानीय समस्याएं हैं उसका निराकरण के लिए आप लोग आवेदन दे दीजिए। नियम अनुसार जो होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। सेंट्रल से संबंधित समस्याओं को वहां भेज कर समस्या का निराकरण किया जाएगा।*

# स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मशाल रैली निकालकर पीएम का जन्मदिन मनाते मांगों पर कराया ध्यानाकर्षण



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी पिछले 31 दिनों से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, उन्होंने आज अनूठे तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। धरना स्थल पर जमा हुए सभी कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शकुन्तला ने कहा कि वे प्रधानमंत्री के नेतृत्व और देश की प्रगति में विश्वास रखते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी उचित मांगों पर भी गंभीरता से विचार करेगी। यह समारोह इस बात का प्रमाण है कि अपनी मांगों के लिए संघर्ष करते हुए भी कर्मचारी देश के नेतृत्व के प्रति सम्मान और आस्था रखते हैं। हड़ताली कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प चढ़ाए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने सभी नागरिकों से भी प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य और सफलता के लिए प्रार्थना करने की अपील की। यह कार्यक्रम यह संदेश भी देता है कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले कर्मचारी राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



कोण्डागांव। साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला मुख्यालय के सभा कक्ष से एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केशकाल और बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुंचे आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनी और संबंधित अधिकारियों को उनके आवेदनों पर त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में आज कोण्डागांव की शांति पोयम ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से लाभ नहीं मिलने की शिकायत की, ग्राम बड़े गोड़सोड़ा निवासी सुभउ राम सोनवानी ने जगल में हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार ग्राम लंजोड़ा निवासी बंसती कोसरे ने आवास की मांग, गांव पेरमापाल निवासी फुलसिंग कोर्राम ने पेरमापाल से तिमेनार तक सड़क निर्माण की मांग सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर 29 आवेदन प्राप्त हुए।

### कोण्डागांव में लगा 54 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप

कोण्डागांव। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, कोण्डागांव द्वारा 19 सितंबर 2025 को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप लाइवलीहुड कॉलेज परिसर, कोण्डागांव में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा, जिसमें 54 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इस रोजगार मेले में कई निजी नियोजक हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। अरुण ऑटोव्हील्स टाटा मोटररू सेल्समैन के 10 पद, वीदेशी कंप्यूटर ऑपरेटर का 1 पद, सर्विस वेटर के 5 पद और हाउसकीपिंग के 3 पद, एलआईसी ऑफ इंडिया बीमा सखी के 25 पद और रूरल करियर एजेंट के 10 पद इच्छुक और पात्र युवक–युवतियाँ अपने सभी मूल दस्तावेजों शैक्षणिक योग्यता, रोजगार पंजीयन, निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार, पैन कार्ड की फोटोकॉपी और पासपोर्ट साइज फोटो के साथ कैंप में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह में 18 शिक्षकों व 65 सेवानिवृत्त गुरुजी का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में 18 शिक्षकों को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्राचार्य, ज्ञानदीप, शिक्षा दूत और उत्कृष्ट प्रधान पाठक की श्रेणियों में सम्मान प्रदान किया गया। इसके साथ ही, 65 सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

विधायक सुश्री उसेंडी ने सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र और समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे नई पीढ़ी को तैयार करते हैं, समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं और विद्यार्थियों को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि शिक्षक भविष्य में भी बच्चों को सही मार्गदर्शन देकर मजबूत पीढ़ी का निर्माण करेंगे। समारोह में उपस्थित कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि यह सम्मान शिक्षकों में नई ऊर्जा और कार्य के प्रति लगन को बढ़ाएगा, जिससे जिले का शैक्षिक स्तर और ऊंचा होगा।

## विधायक लता उसेंडी रहीं मुख्य अतिथि

### मॉडल स्कूल और रचनात्मक शिक्षा की अपील

कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने शिक्षकों से विद्यालयों को मॉडल स्कूल बनाने, रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने, कम्प्यूटर और लाइब्रेरी सुविधाओं को विकसित करने तथा परिसर में औषधीय पौधों का रोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से बच्चों का सवांर्गीण विकास होगा और अधिक से अधिक विद्यार्थी मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करेंगे।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर सहित कई जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर और शिक्षा विभाग के अधिकारी व बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम : हिंदी दिवस पर साहित्यिक कार्यक्रम

# बरखा ने ग़ज़लों से समां बांधा तो हरेंद्र ने यमराज से कराई मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

हिंदी दिवस के अवसर पर मां दंतेश्वरी हर्बल इस्टेट के बैठक हाल में भव्य साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य परिषद, हिंदी साहित्य भारती इकाई कोंडागांव, सम्पदा समाजसेवी संस्थान और आदिवासी शोध एवं विकास संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. राजाराम त्रिपाठी रहे। विशेष आमंत्रित अतिथियों में हरेंद्र यादव अध्यक्ष, छ.ग. हिंदी साहित्य परिषद कोंडागांव, इतिहासकार घनश्याम नाग, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक आर.के. जैन और वरिष्ठ साहित्यकार जमील खान शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध शायर व सैयद तौसीफ आलम ने अपने अनोखे अंदाज में किया।

कार्यक्रम के पहले सत्र में कहाँ तक पहुँची हिंदी राजभाषा, राष्ट्रभाषा अथवा वैश्विक भाषा विषय पर विचार–विमर्श हुआ। डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने कहा हिंदी आज भी मंच की शेरनी है और दफ्तर की बकरी। नेता मंच पर हिंदी में गरजते हैं, लेकिन कार्यालय में अंग्रेजी के आगे झुक जाते हैं। जमील खान ने हिंदी के इतिहास पर प्रकाश डाला। घनश्याम नाग ने अंग्रेजी भगाओ आंदोलन की चर्चा करते हुए हिंदी के सम्मान के लिए निरंतर प्रयास की आवश्यकता बताई। आर.के. जैन ने अंग्रेजी के प्रयोग पर चिंता जताई और कहा कि गरीब हिंदी भाषी न्याय को समझ ही नहीं पाते।



### काव्य गोष्ठी ने बांधा समा

*कार्यक्रम के दूसरे भाग में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। डॉ. विश्वनाथ देवांगन ने भ्रष्टाचार पर केंद्रित रचना से सबका ध्यान खींचा। देशबती कौशिक ने अपनी कविताओं से तालियाँ बटोरीं। बरखा भाटिया ने ग़ज़लों से समां बांधा। राखी पाठक और हर्षिता महावीर ने अपनी कविताओं से सबका दिल जीत लिया। उपेंद्र ठाकुर ने पहली बार मंच से कविता प्रस्तुत कर सराहना पाई। हास्य व्यंग्यकार उमेश मंडावी ने अंग्रेजी के बढ़ते चलन और विज्ञापनों पर व्यंग्य से खूब हँसाया। सैयद तौसीफ आलम ने अपनी कविताओं से और हरेंद्र यादव ने यमराज से मुलाकात गद्य–पाठ से माहौल जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन उमेश मंडावी ने किया। आयोजन में शंकर नाग, कृष्णा नेताम, ऋषिराज त्रिपाठी, गौतम बघेल और माधुरी देवांगन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।*

# बच्चे, शिक्षक व ग्रामवासियों ने 505 पौधों का किया रोपण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

सत्य सांई सेवा संगठन की सक्रिय पहल और सहयोग से "माँ के नाम एक पेड़ अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक शाला बुडरापारा मसोरा में भव्य पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगठन की ओर से पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई। जिसके चलते आम, जामुन, काजू, आंवला, नींबू और अमरूद सहित कुल 505 पौधे लगाए गए। पौधारोपण के दौरान बच्चों, पालकों और युवाओं ने हर पौधे की देखभाल का संकल्प लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य था कि पर्यावरण संरक्षण को सामुदायिक दायित्व बनाया जाए। हर घर–परिवार इस अभियान का हिस्सा बने। कार्यक्रम में सत्य साई संगठन से विजय देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की सेवा ही साधना की भावना को रेखांकित किया। इसके साथ ही सरपंच श्रीमती सुकली बाई मरकाम, जनपद सदस्य अनिल कोर्राम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भीमसेन मरकाम, युवा समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र बघेल तथा शिक्षकगण और ग्रामवासी भी मौजूद रहे। सत्य सांई संगठन लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और सामाजिक जागरुकता के लिए कार्य करता आ रहा है। इस पौधरोपण अभियान ने बच्चों को प्रकृति से जोड़ा। पूरे समुदाय में यह संदेश भी दिया कि प्रकृति की सेवा ही माँ की सच्ची सेवा है।

# डिजिटल धोखाधड़ी से बचने ग्रामीणों को बताए गए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- आरबीआई की क्षेत्रीय निदेशक ने वित्तीय योजनाओं से सभी को जोड़ने कहा

वित्तीय समावेशन योजनाओं के शत–प्रतिशत सम्प्राप्ति के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत आज जिले की ग्राम पंचायत सोडमा में एक दिवसीय वित्तीय समावेशन शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं का निरंतर लाभ सुनिश्चित करना। केवाईसी प्रक्रिया के तहत खातों का अद्यतन करना था।

इस अवसर पर श्रीमती देव अंजलि, क्षेत्रीय निदेशक रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया, रायपुर ने शिविर में उपस्थित होकर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने वित्तीय साक्षरता एवं योजनाओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव एवं सुरक्षित लेन–देन की जानकारी हर ग्रामीण तक पहुँचना आवश्यक है। शिविर में भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक तथा बैंक मर्सी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को कोविडबंदी के बाद पुनः बैंकिंग सेवाओं से जुड़ने के तरीके बताए और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की।

**ग्रामीणों की रही उत्साहजनक भागीदारी**–शिविर में ग्राम पंचायत सोडमा एवं आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्रामीणों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का विशेषज्ञों ने मौके पर ही समाधान किया। जिला प्रबंधक अशोक मिन्ज़ ने बताया कि शिविर में कुल 478 खातों का रि– केवाईसी सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

# कोण्डागांव में हुई चलित प्रयोगशाला से ठेलों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- 53 खाद्य नमूनों की हुई जांच, तीन ठेलों का तेल अमानक

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके देवांगन ने एक चलित खाद्य प्रयोगशाला का उपयोग करते हुए कोण्डागांव के विभिन्न स्थानों पर लगे ठेलों का निरीक्षण किया। जाँच के दौरान मोमोस, मायोनिस, सॉस, लाल चटनी, आलू–मटर मसाला, गुपचुप पानी, मीठी चटनी, गरम मसाला, तेल, टमाटर चटनी, सेव, नमकीन, मुंगोडी और मिर्ची चटनी सहित कुल 53 नमूनों की जाँच की गई। ये नमूने मोमोस, चाउमिन, चाट और एग रोल जैसे ठेलों से लिए गए थे। अमानक स्तर का तेलरू जाँच में पाया गया कि तीन ठेलों पर खाद्य पदार्थों को तलने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा तेल अमानक निम्न स्तर का था। अमानक पाए गए तेल को तुरंत मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। इन ठेलों के संचालकों को तेल के सही इस्तेमाल के लिए निर्देश दिए गए। जिन विक्रेताओं के पास खाद्य अनुज्ञप्ति फूड लाइसेंस और पंजीयन नहीं था, उन्हें जल्द से जल्द इसके लिए आवेदन करने का निर्देश दिया गया है।



# 240 श्रमिकों का हुआ पंजीयन, स्वास्थ्य जांच भी की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025–26 के तहत श्रमिकों के कल्याण के लिए फरसगांव में 15 सितंबर जनपद पंचायत कार्यालय सभागृह में श्रम विभाग ने श्रमवीर स्वास्थ्य परीक्षण एवं श्रमिक पंजीयन शिविरलगाया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रमिक पहुँचे। शिविर का मुख्य लक्ष्य श्रमिकों को स्वास्थ्य सेवाएँ और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करके उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना था। स्वास्थ्य परीक्षण मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम ने मौके पर ही 130 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। श्रमिक पंजीकरण कुल 240 श्रमिकों का पंजीकरण कर उन्हें कार्ड वितरित किए गए। शिविर में मौजूद विभागीय अधिकारियों ने श्रमिकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि कैसे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार श्रमिकों को सशक्त बनाने और उनके परिवारों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए काम कर रही है। श्रमिकों के लिए चलाई जा रही योजनाएँ, जैसे कि श्रमिक पंजीयन, स्वास्थ्य जाँच, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सहयोग, उनके जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण साबित हो रही हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष प्रशांत पात्र, जनपद पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष मानकू नेताम, झाड़ी राम सलाम, अन्य जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

## फरसगांव में श्रमिकों के लिए लगा विशेष शिविर

फरसगांव। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष 2025-26 के अंतर्गत श्रमिकों के हित में फरसगांव में एक महत्वपूर्ण आयोजन किया गया। 15 सितम्बर 2025 को जनपद पंचायत कार्यालय सभागृह में श्रम विभाग द्वारा श्रमवीर स्वास्थ्य परीक्षण एवं श्रमिक पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रमिक शामिल हुए। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़कर सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना था। मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम ने मौके पर ही 130 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। वहीं 240 श्रमिकों का पंजीकरण कर कार्ड वितरण किया गया। शिविर में मौजूद श्रमिक को विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार सरकार श्रमिकों को सशक्त बनाने और उनके परिवारों को सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार लगातार ठोस पहल कर रही है। श्रमिक पंजीयन, स्वास्थ्य जांच, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सहयोग जैसी योजनाएं श्रमिकों को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं।



# भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति का नाचते- गाते किया विसर्जन



फरसगांव। बस्तर राजमिस्त्री एवं मजदूर कल्याण संघ फरसगांव के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर फरसगांव में स्थित मजदूर कार्यालय भवन में बुधवार को भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। संघ के सभी लोगों एवं नगर वासियों को प्रसाद के रूप में भंडारे में खिचड़ी के रूप में प्रसाद का वितरण किया गया । वही गुरुवार को संघ के सभी लोगों ने बैंड बाजा की धुन में नाचते गाते हर्षोल्लास के साथ नगर भ्रमण करते हुए भगवान विश्वकर्मा जी के मूर्ति का विसर्जन किया गया ।

### लोहार समाज ने मनाई विश्वकर्मा जयंती

धनौरा। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने आज ईरागांव में लोहार समाज द्वारा आयोजित विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। सामाजिक जनों ने विधायक जी का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक जी ने समाज के महत्व को रेखांकित करते हुए भावनात्मक उद्बोधन दिया और समाज के लिए भवन निर्माण की घोषणा कर जनभावनाओं को सम्मान दिया।

# विधायक ने मरीजों को किया फल का वितरण



केशकाल। उप स्वास्थ्य केंद्र धनोरा में आयोजित "स्वच्छता पखवाड़ा" कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने आज विशेष रूप से शामिल होकर सहभागिता निभाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मरीजों को फल वितरण किया। मरीजों को फल वितरित कर जनसेवा और मानवता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। साथ ही निर्माणाधीन अस्पताल भवन का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता को बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक श्री टेकाम ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता, सेवा और पर्यावरण संरक्षण ही स्वस्थ समाज की नींव है। सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मिलकर जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए तत्पर रहें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी, स्टाफ कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### किसान संघ ने...

नरेंद्र सेठिया जगदलपुर तहसील अध्यक्ष कंवल सिंह ठाकुर,मंत्री राजिम सेठिया,सहित तहसील अध्यक्ष मंत्री सभी तहसील से अपने कार्यकारिणी के साथ उपस्थित रहे।

### काछनगुड़ी स्थल की...

दौरान श्रद्धालुओं और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। काछनगुड़ी स्थल बस्तर दशहरा पर्व का अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव है। परंपरागत रूप से यहां देवी मां की पूजा-अर्चना और विभिन्न अनुष्ठान संपन्न होते हैं। यह स्थल दशहरा पर्व की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक माना जाता है, जहां हर वर्ष श्रद्धालु दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने आते हैं।

**बस्तर की आस्था और संस्कृति का प्रतीक-** महापौर ने कहा कि बस्तर दशहरा की गरिमा और परंपरा पूरे विश्व में अद्वितीय है। यह न केवल बस्तर की आस्था और संस्कृति का प्रतीक है बल्कि हमारी पहचान भी है। ऐसे में नगर निगम का दायित्व है कि सभी तैयारियां समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण हों। हमारी प्राथमिकता है कि दशहरा में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु और नागरिक को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिले। इस अवसर पर स्वच्छता विभाग के सभापति लक्ष्मण झा, नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि वे टीम भावना के साथ कार्य करें और दशहरा पर्व को गरिमा व शालीनता के साथ संपन्न कराने में पूरी जिम्मेदारी निभाएं।

### 35 एकड़ भूमि...

कानों को ही नहीं दिल को भी सुकून देती है, मन को शांत करती है। रोज सुबह जल्दी उठकर अगर आप किसी पार्क या बगीचे में इनके बीच बैठकर उगते सूरज को देखें। इन्हें महसूस करें तो आपका पूरा दिन अच्छा गुजरता है। इससे प्रकृति के करीब ले जाती और सकारात्मक ऊर्जा देती हैं।

**शीघ्र ही पूरा होगा निर्माण-** बस्तर जिले के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि जंगल लॉन बनने से जहां सैर करने वालों को सुविधा मिलेगी, जिसके निर्माण पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही यह पिकनिक स्पॉट के रुप में जाना जा सकेगा। इसका निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा किया जाएगा।

### आश्रम-छात्रावास में...

निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, जनपद पंचायत के सीईओ चुरेन्द्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे-** कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचे और आश्रम-छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही, आदि कर्मयोगी अभियान के कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आमजन से भी संवाद कर उनके सुझाव और समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य कर्मचारियों...

निभाते रहेंगे। इसके साथ ही कर्मचारियों ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को भी उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि दोनों नेता उन्हें नियमितीकरण का उपहार देंगे।

**मशाल रैली में दिखा जोश-** हड़ताल के 31वें दिनहड़ताली कर्मचारियों ने अपनी मांगों को जायज बताते सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए मशाल रैली का आयोजन किया। मानव श्रृंखला बनाकर शुरू हुई यह रैली धरना स्थल से दंतेश्वरी माई के प्रांगण तक पहुंची जहां मशालों की रोशनी ने कर्मचारियों के दृढ़ संकल्प और नियमितीकरण की आस को दर्शाया। यह मशाल रैली इस बात का प्रतीक थी कि कर्मचारी अपनी मांगों की पूर्ति होने तक संघर्ष जारी रखेंगे।

### व्यापम लेगा स्टॉफ...

नर्स के रिक्त पदों हेतु लिखित भर्ती परीक्षा 21 सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक शहर के 9 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। उक्त भर्ती परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों को निर्धारित समय के ढाई घंटे पहले पहुंचना होगा, जहां मेन गेट पर मेटल डिटेक्टर से परीक्षार्थियों की सम्पूर्ण जांच की जाएगी। फिर वीक्षकों द्वारा प्रवेश पत्र एवं कोई भी एक पहचान पत्र के सत्यापन जांच की कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता ही रोगों को दूर करने का एकमात्र साधन



**बचेली।** राज्य शासन जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता उत्सव के आयोजन हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे, जिसके परिपालन में नगर पालिका बड़े बचेली द्वारा राजू जायसवाल, उपाध्यक्ष, सतीश प्रेमचंदनी, पार्षद धनसिंग नाग, पार्षद बिना साहू की उपस्थिती में स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता उत्सव अंतर्गत नगर में सफाई हेतु स्वच्छता का शपथ स्वच्छता दीदियों नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में लिया गया। सफाई की जागरूकता के लिए सफाई वाहनों को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। अध्यक्ष ने सम्बोधित करते हुए कहा स्वच्छता ही रोगों को दूर भगाने का एकमात्र साधन है। नगर की सफाई में नागरिकों से भी सहभागिता की अपील की।

### सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण



**भोण्ड।** बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ग्राम पंचायत जैतगिरी पहुंचे। जहां माता-बहनों एवं ग्रामीणजनों ने पारंपरिक रीति-रिवाज से आत्मीय स्वागत कर नुवाखाई जुहार भेंट कर शुभकामनाएं दी। पूरे क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। जैतगिरी परगना के 20 ग्राम पंचायतों के लोगों द्वारा इस वर्ष नुवाखाई जुहार भेंट कार्यक्रम का आयोजन सामूहिक रूप से ग्राम पंचायत जैतगिरी में किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने भतरा समाज 20 परगना के लिए निर्मित नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान गोपाल कश्यप, सोनाधर कश्यप, डमरूधर बघेल, मुन्नालाल ठाकुर, ललित पुजारी, जोगेश, तुलसीराम, राजेश कुमार, जितेंद्र तिवारी, अनत राम, तुलसीराम एवं समस्त कार्यकर्त्तागण, माता बहनें ग्रामवासी उपस्थित रहें।

### जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सुकमा।** जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बुधवार को अपर कलेक्टर गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ आने वाले दिनों में जिले के सभी विकासखंडों और ग्रामों का भ्रमण करेगा तथा ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करेगा। विशेष रूप से प्रशिक्षित कर्मचारी ग्रामीणों को योजना से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं की जानकारी देंगे और इच्छुक हितग्राहियों का मौके पर ही पंजीयन भी करेंगे।

### छिंदबहार में स्वच्छता पखवाड़ा का आगाज



**दरभा।** विख दरभा अंतर्गत शाउमावि छिंदबहार में राज्य शासन व जिला प्रशासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा स्वच्छता शपथ लिया गया और स्वच्छता पखवाड़ा का आगाज किया। व्याख्याता बुधराम कश्यप द्वारा छात्र छात्राओं को स्वच्छता पखवाड़ा शपथ लेने के महत्व को समझाया गया और कहा कि सभी लोग खुद साफ सफाई रहते हुए जहां उठते -बैठते हैं,सोते हैं,रहते हैं उस जगह के साथ ही साथ अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखना है और दूसरों को भी स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित करना है।

# ग्रामीणों को साइकिल, रेडियो, साड़ियां और कंबल बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा

- चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों का किया इलाज



छत्तीसगढ़ के धुर नक्सल प्रभावित जिला सुकमा के थाना गोल्लपल्ली अंतर्गत नये एफओबी तुमालभट्टी कैम्प में 217वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन रेन्ज कोन्टा, राजेश पांडे और कमांडेंट 217 बटालियन कोन्टा विजय शंकर के मार्गदर्शन में तथा द्वितीय कमान अधिकारी नीर सिंह मीणा एवं सहायक कमांडेंट संगीत कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नीर सिंह मीणा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सल प्रभावित होने के कारण इन इलाकों में सरकारी सुविधाएं पर्याप्त रूप से नहीं पहुंच पा रही हैं। उन्होंने लोगों से हिंसा त्यागकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की और बच्चों को शिक्षित कर बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों के लिए साइकिल, रेडियो सेट, साड़ियां और कंबल वितरित किए गए। साथ ही डॉ. अमिताभ साहू सीएमओ, 217वीं वाहिनी द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। डॉक्टर ने बीमारियों की रोकथाम एवं बचाव संबंधी जानकारी भी साझा की।

## छात्राओं ने किया विद्यालय का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा



पीएम श्री सेजेस लोहण्डीगुड़ा के लिए गर्व का क्षण रहा जब विद्यालय की 2 प्रतिभाशाली छात्राओं ने राज्य स्तरीय मुक्केबाज़ी प्रतियोगिता में शानदार उपलब्धि हासिल की। रायपुर में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की छात्रा रोशनी कश्यप तथा कक्षा 11वीं की छात्रा पूनम कश्यप ने अंडर-19 वर्ग में भाग लिया।

प्रतियोगिता में अपनी श्रेष्ठ खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रोशनी कश्यप ने रजत पदक तथा पूनम कश्यप ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि विद्यालय एवं क्षेत्र दोनों के लिए गौरवपूर्ण क्षण है।

विद्यालय के प्राचार्य अशोक खपर्डे ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# बस्तर की अनमोल प्राकृतिक संपदा से ही खनिज न्यास निधि का हुआ जन्म : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/ गीदम

- विकास की प्रगति को जारी रखने की प्रतिबद्धता को दोहराया



प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना एवं जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के जिले में 10 वर्ष पूर्ण होने पर जिला खनिज संस्थान न्यास निधि स्थापना दिवस के रूप में जावंगा ऑडिटोरियम में वर्षगांठ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप सहित क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविंद कुजांम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य अतिथि के आसंदी से अपने संबोधन में बस्तर सांसद ने कहा कि प्रकृति ने बस्तर जिले को जल जंगल जमीन जैसे अनमोल संपदाओं और खनिज संसाधनों से समृद्ध किया है और इस संपदा को संरक्षित एवं सुरक्षित करने का महान कार्य हमारे पूर्वजों द्वारा किया जाता रहा। वर्तमान में हम विकसित बस्तर का सपना साकार होते देख रहे है और विकास की दौड़ में बस्तर अग्रसर है। इसका पूरा श्रेय यहां के जल जंगल जमीन जैसी संपदा को जाता हैं। अपनी इसी अप्रतिम प्राकृतिक विशेषता के बलबूते खनिज संस्थान न्यास निधि की परिकल्पना को मूर्त रूप दिया गया है। आज हम बस्तर में चहमुखी विकास का अवलोकन कर पा रहे है। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति और दूरदर्षिता है। जिन्होंने प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना एवं जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की आधारशिला रखी। डीएमएफ मद की लाभांश राशि से ही यहां नये मूलभूत अधोसंरचनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण कौशल विकास, को पोषित पल्लवित किया गया है और तो और जावंगा एजुकेशन हब के निर्माण, प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की स्थापना के साथ-साथ स्कूल, आश्रम आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण तथा नवाचारी विकास के प्रतिरूप सभी जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की देन है। इस संबंध में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान का भी स्मरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना उन्हीं की परिकल्पना थी कि जिसने गांव-गांव में पक्की सड़कों की जाल बिछाया। इसके साथ ही सांसद ने खनिज संस्थान न्यास निधि के माध्यम से विकास की अनवरत प्रगति को जारी रखने की प्रतिबद्धता को दौहराया।

### जिले को विकास की शिखर तक पहुंचायेगें

विधायक ने जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के जरिये जिले में हो रहे सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चाहे वह स्वास्थ्य के क्षेत्र में आधुनिक चिकित्सालयों की स्थापना हो अथवा विशेषज्ञ डॉ. की नियुक्ति करके स्थानीय लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हो या फिर क्षेत्र में नवाचारी शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से स्थानीय छात्रों को सर्वोत्कृष्ट शिक्षा प्रदाय करना इन सब के पीछे जिला खनिज संस्थान न्यास निधि ही है और भविष्य में भी हम इसके माध्यम से जिले को विकास की शिखर तक पहुंचायेगें। उन्होंने हाल ही में आई अतिवृष्टि आपदा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रभावितों को तात्कालिक एवं त्वरित सहायता राशि इसी मद से प्रदाय की गई है। जिससे उनका पुनर्वास कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। इसके साथ ही कलेक्टर ने खनिज संस्थान न्यास निधि के माध्यम से जिले में व्यय की जा रही राशि का ब्यौरा देते हुए कहा कि बस्तर संभाग के सात जिलों में सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए न्यास निधि का एक बड़ा हाथ है।

## दीदी के गोठः सेंट्रिंग प्लेट कार्य से बनी लखपति दीदी ने साझा किया अनुभव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में शुरू की गई नई पहल दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण था।

कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में दीदियों की प्रसारित कहानी को सुनकर प्रेरणा लेने जिला पंचायत बीजापुर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चैबे के निर्देशन में जिला पंचायत सभागार में व्यवस्था की गई। वहीं जिले के 16 कलस्टर में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर राज्य भर में बेहतर कार्य कर रही लखपति दीदी ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सेंटरिंग प्लेट, सीमेंट मिक्सर मशीन जैसी विभिन्न कामों को अपनाकर आज लाखपति बनने का सफर तय किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि महिला स्व-सहायता समूह के सहयोग और सरकार की योजनाओं की सहायता से संभव हुआ है। उनके अनुभव ने कार्यक्रम में उपस्थित जिले की स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रेरित किया।

जिला स्तर के कार्यक्रम में कुल 80 हितग्राही शामिल हुए, जिनमें से 20 प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही भी उपस्थित थे। वहीं जिले की ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 16 क्लस्टरों में दीदी के गोठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 1480 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# गोस्वामी की स्मृति में अभियंताओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



भारत रत्न सर मोक्षगुन्डम विश्वेश्वरैया की जयंती में न केवल उनके योगदान को याद किया, बल्कि यह आयोजन एक ऐसी परंपरा का भी प्रतीक बना जो पिछले 10 वर्षों से अभियंताओं के सम्मान में सतत रूप से निभाई जा रही है। नगर के सर्किट हाउस में अभियंता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालन अभियंता एसएल ठाकुर, वैभव देवांगन, निखिल कवर तथा अनुविभागीय अधिकारी एमके भौरया शामिल रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मोक्षगुन्डम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में स्व. आरसी नाथ गोस्वामी की स्मृति में अभियंताओं का सम्मान किया गया। अभियंता सम्मान समारोह गोस्वामी परिवार द्वारा पिछले दस वर्षों से किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अभियंता स्व. गोस्वामी की स्मृति में यह परम्परा निभाई गई।

उल्लेखनीय है कि गोस्वामी का स्वर्गवास 2015 में हो गया इसके बाद से वर्ष 2016 से यह परंपरा अनवरत से उनके परिवार द्वारा निभाई जा रही है। स्व. आरसी नाथ गोस्वामी एक कर्मठ, ईमानदार और समर्पित अभियंता थे। उनके पुत्र अविनाश गोस्वामी ने अपने पिता के जीवन मूल्यों, उनके कार्य के प्रति समर्पण और ईमानदारी की भावना को साझा किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों को ईमानदारी और सच्ची निष्ठा से निभाया। इसके बाद सुनीता गोस्वामी ने अपना प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि उन्हें जो शिक्षा और सम्मान मिला, उसका श्रेय पूरी तरह से उनके ससुर को जाता है।

गोस्वामी की स्मृति में अभियंताओं को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने जिले में उत्कृष्ट कार्य किया है।

### ये हुए सम्मानित

स्व. गोस्वामी की स्मृति में उनके पुत्र अविनाश गोस्वामी, बहु सुनीता गोस्वामी, पोती प्राची व प्रज्ञा गोस्वामी द्वारा जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभियंता मनीष साहू, शैलेश, कौशल नेताम, जितिन ध्रुव, विजय कोराम, पंकज ठाकुर, राजेश ठाकुर, संतोष नेगी, रविकांत सारथी, वीएस कानेकर तथा नरेंद चौहान को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन मनोज गुप्ता ने किया।

## शिक्षिका ने स्कूल को भेंट की टीवी



**भोण्ड।** बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत राजपुर स्थित प्राथमिक शाला मावलीगुड़ा में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल देखने को मिली। जब शिक्षा दूत पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका गिरिजा साहू ने अपने विद्यालय को स्मार्ट टीवी भेंट किया। यह स्मार्ट टीवी उन्होंने पुरस्कार राशि के साथ अपनी व्यक्तिगत बचत से खरीदा। स्मार्ट टीवी मिलते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी। इस अवसर पर खास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर प्रेरणादायक शॉर्ट फ़िल्म चलो जीते हैं देखी। फ़िल्म के दौरान बच्चों की तालियों और उत्साह ने वातावरण को जीवंत कर दिया। बच्चों ने इस फ़िल्म से सीखा कि संघर्ष और सेवा से जीवन में सार्थकता आती है।

## अनुदेशक और शिक्षादूत शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ : गागड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



ग्राम चेरपाल में अनुदेशक एवं शिक्षादूत संघ द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के जनप्रिय नेता एवं पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और प्रमुख मांगों से अवगत हुए।

महेश गागड़ा ने कहा कि अनुदेशक और शिक्षादूत शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी मांगें पूरी तरह से वाजिब हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इन मांगों को प्राथमिकता से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष रखा जाएगा और शीघ्र समाधान के लिए हर संभव पहल की जाएगी। इस मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट, जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, वरिष्ठ नेता राजू कलमू, हरिहर सहनी समेत अन्य पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। मंच से सभी नेताओं ने शिक्षा व्यवस्था में अनुदेशकों और शिक्षा दूतों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। बैठक में जिलेभर से आए अनुदेशक एवं शिक्षा दूत संघ के सैकड़ों सदस्य शामिल हुए और उन्होंने एक स्वर में अपनी समस्याओं और मांगों को रखा। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से उनकी सेवा स्थायीकरण, वेतनमान एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी मांगें लंबित हैं, जिन पर सरकार को जल्द सकारात्मक कदम उठाना चाहिए।

## किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला बस्तर का मासिक समीक्षा बैठक संघ कार्यालय जगदलपुर में रखा गया था, जिसमें मुख्य रुप से किसानों के विभिन्न समस्या बिजली कटौती, बिजली बिल की दर मे बढोत्तरी, स्मार्ट मीटर में रिडिंग बढ़ना, किसानों के समस्याओ को अधिकारीयों द्वारा नजर अंदाज करना, खाद बीज के समस्या, जैविक खेती को बढावा देना, देशी धान बीज का संरक्षण करना, सहकारी समितियों की निगरानी करना, धान उपार्जन केन्द्रो को निगरानी मे रखना, मार्कफेड, मंडी, के अधिकारीयों से सम्पर्क करना, पशु चिकित्सा केन्द्रों से सम्पर्क, मछली पालन, मुर्गी पालन व्यवस्थाओं का अवलोकन गौ धाम समिति गठित कर सुचारु संचालन आदि महत्वपूर्ण बिषयों पर चर्चा की गयी। राशन घोटाला, अधिकारियो की मनमानी, बडे अधिकारियों का कार्यालय मे उपस्थित नहीं रहना, शासन द्वारा चलाए जाने वाले योजनाओं को प्रचार प्रसार न करना, गलत जानकारी मौखिक रूप से देकर टालना अधिकारियो के द्वारा किया जा रहा है।

## नुवाखाई में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



ग्राम पंचायत घटलोहंगा में नुवाखाई पर्व का आयोजन पारंपरिक हर्ष और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल पहुंचे। ग्राम आगमन पर माताओं-बहनों एवं ग्रामीणजनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों से आत्मीय स्वागत करते हुए नुवाखाई जुहार भेंट कर शुभकामनाएँ दीं। पूरे क्षेत्र में पर्व जैसा माहौल बना रहा।

अपने संबोधन में विधायक बघेल ने कहा कि नुवाखाई केवल एक पर्व नहीं, बल्कि बस्तर की अस्मिता और हमारी सामाजिक-सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। उन्होंने ग्रामवासियों के आमंत्रण हेतु पूर्व युवा सरपंच डमरूधर बघेल एवं मुन्नालाल का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने समाज को प्रेरक संदेश देते हुए परंपराओं के संरक्षण तथा नई पीढ़ी को सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने की अपील की। इस दौरान पूर्व सरपंच डमरू धर बघेल, मुन्ना लाल यादव, राजेश यादव, तुलसीराम ठाकुर, अनुसूया यादव बालमती यादव, इमला भाई बघेल, हेलो बाई बघेल, दुर्गेश्वरी यादव ,ज्योति नाग, मनु नाग, होम सिंह नाग, सोनसाय नाग, टिल्लू नाग, गुड़िया बघेल, चैती बघेल, मगतिन बघेल, खेमराज बघेल, रोहित बघेल, धन सिंह बघेल तुलसी एवं ग्राम के माता बहन भारी मात्रा मे उपस्थिति थे।

## वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र बाजपेयी नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बाजपेयी(79) का आज सुबह आकस्मिक निधन हो गया। एक दिन पहले बेचैनी महसूस होने पर शहर के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कर उपचार किया गया था। घर वापस आने के बाद आज सुबह तबियत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाने के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। कल शुक्रवार सुबह उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी, 1 पुत्र, 3 पुत्रीयां, नाती, पोतों सहित भरा परिवार छोड़ गए। उनके निधन की खबर से शहर और बस्तर में शोक की लहर फैल गई। पत्रकारों समेत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद महेश कश्यप,विधायक किरण देव, लखेश्वर बघेल,कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज व अन्य जनप्रतिनिधियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते पत्रकार जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। वे बस्तर जिला पत्रकार संघ के संस्थापक सदस्यों में शामिल थे। पत्रकार भवन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह से जमीन लेने वाले टीम के वे सदस्य थे। उनका लंबा पत्रकारिता का जीवन रहा है। प्रिंट और इलेक्ट्रानिकमीडिया में काम करते हुए उन्होंने बस्तर के संवेदनशील क्षेत्र में जाकर साहसिक रिपोर्टिंग की। जिसमें नक्सलियों द्वारा अपरहण किए गए थानेदार प्रकाश सोनी को छुड़ाने वाले पत्रकारों के दल में वे शामिल थे।

उन्होंने साप्ताहिक समाचार पत्र बस्तर टाइम्स से पत्रकारिता शुरू की और अभी तक सक्रिय रहे। उनके पुत्र रजत बाजपेयी एक इलेक्ट्रानिक चैनल के पत्रकार है।

## जिला चिकित्सालय में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ



**बीजापुर।** बीजापुर जिला चिकित्सालय में आज स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड एवं आभा कार्ड का पंजीयन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से किया गया। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में 70 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को आयुष्मान व वय वंदना कार्ड प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा एवं नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी की उपस्थित रहीं।




**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्रं./202509151000005/ब-121/2024-25

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राहुल कश्यप पिता प्रेमसिंह कश्यप जाति मुरिया कोड़ेबेड़ा तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में अपनी स्वयं का शासकीय कार्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र बनाना चाहता है। आवेदक अपने स्वयं राहुल कश्यप पिता प्रेमसिंह कश्यप का जन्म दिनांक 28/02/2005 दर्शाया गया है।

जिसकी पेशी दिनांक 30/09/2025 को नियत किया गया है, यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत कोड़ेबेड़ा के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति ग्रामवासी पंचायत को किसी भी तरह की कोई आपत्ति है, तो यह उद्घोषणा जारी नियत तिथि के भीतर इस कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 16/09/2025

(मुहर)

तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर

# क्विज प्रतियोगिता में आत्मानंद महाविद्यालय ने हासिल किया पहला स्थान

## छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना रजत जयंती वर्ष पर हुई विविध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय एवं शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बस्तर के संयुक्त तत्वाधान में 17 सितम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती समारोह के अंतर्गत अंतर-महाविद्यालयीन क्विज, समूह चर्चा एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बस्तर जिले के 10 महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर संभाग उच्च शिक्षा के अपर संचालक डॉ अनिल कुमार



### 70 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी कलेक्टर नंदिनी साहू मैडम उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में युवाओं को अपनी जिम्मेदारियों को समझने, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने तथा उन्हें प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ प्रयासरत रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर पूरे बस्तर जिले से लगभग 70 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। मंच संचालन बीसीए तृतीय वर्ष की छात्रा निहारिका साहू एवं बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अलीसा पांडेय ने किया।

श्रीवास्तव उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा, विभिन्न परंपराओं के संरक्षण एवं शिक्षा को रोजगार से जोड़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न रोजगार मेलों एवं कार्यक्रमों में भाग लेकर रोजगार के अवसरों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं में क्विज में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण एवं समूह चर्चा प्रतियोगिता में शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में आकर्षक छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की प्रगति, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाले पोस्टर व बैनर प्रदर्शित किए गए, जो दर्शकों को देश की उपलब्धियों से परिचित कराने का माध्यम बने। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण देव, महापौर संजय पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री के विजन को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है, जिसमें डिजिटल इंडिया, नई शिक्षा नीति, महिला सशक्तिकरण, अंतरिक्ष उपलब्धियां और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों पर विशेष जोर दिया गया है।

### अध्यक्ष बने रविन्द सदनपल्ली

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के वितरण केन्द्र कुटरू, नैमेड़, मद्देड़, भैरमगढ़, भोपालपटनम के बाह्यस्रोत कर्मचारियों की 16 सितंबर को बैठक आयोजित की। इसमें रविन्द सदनपल्ली अध्यक्ष, सन्त कुमार लल्ली उपाध्यक्ष, मनीष चालकी कोषाध्यक्ष, तालंडी सोहन सचिव, कै लाश पटेल, रामलाल, दिनेश यादव, पंचराम यादव, बिरजू कोरसा, सुदरू वेको, रामप्रसाद मांझी, दिलीप यादव, संजय यादव, अजय यादव, जितेन्द्र, सोहन, रामसिंग नाग, संजू यादव, महेश राणा, घनश्याम मांझी सदस्य मनोनित किए गए।

### शोभाराम बने निषाद समाज के अध्यक्ष



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज बस्तर जिला इकाई का 2025 को कार्यकाल पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ निषाद समाज प्रदेश संगठन के अनुमति पश्चात बुधवार 17 सितंबर को सामाजिक नियमावली के तहत विधिवत चुनाव प्रक्रिया संचालन के लिए प्रदेश संगठन से नियुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदकुमार निषाद उप संगठन सचिव की उपस्थिति में जिला इकाई के 13 पदों पर पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए जिसमें शोभाराम निषाद दूसरी बार अध्यक्ष चुने गए इन्हीं पदक्रम में हरिकिशन निषाद महासचिव, लता निषाद व श्री विनय शंकर नाग उपाध्यक्ष,रैनू निषाद व अनुसूया निषाद सचिव,दीपक निषाद कोषाध्यक्ष,लक्ष्मण निषाद अंकेक्षक,मुन्ना लाल निषाद व संगठन सचिव,जितेंद्र निषाद व उमाशंकर निषाद उप संगठन सचिव,केशव निषाद प्रचार सचिव,मनोहर निषाद कार्यालय सचिव निर्वाचित हुए जिन्हें मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र सौंपा गया।

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वृक्षारोपण, फल वितरण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर जनसेवा को समर्पित : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के जन्मदिवस के पावन अवसर पर सेवा पखवाड़ा के

- मरीजों को फल वितरण कर शीघ्र स्वस्थ होने की गई कामना

अंतर्गत आज डिमरापाल मेडिकल कॉलेज परिसर में एक भव्य जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विधायक विनायक गोयल के सौजन्य से एवं भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर परिसर में वृक्षारोपण, मरीजों के बीच फल वितरण तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना नहीं था, बल्कि जनजागरण और सामाजिक चेतना को प्रोत्साहित करना भी रहा। सेवा ही संगठन है के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए यह कार्यक्रम जनकल्याण की भावना से सम्पन्न हुआ।उल्लेखनीय है कि रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, वहीं वृक्षारोपण कार्यक्रम में सैकड़ों पौधे लगाए गए। मरीजों को फल वितरण कर उनके स्वास्थ्य एवं शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्रहित में निरंतर सक्रिय नेतृत्व की कामना की।यह आयोजन भाजपा की सेवा परंपरा और संगठन की जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बनकर सामने आया।

कार्यक्रम में चित्रकोट विधानसभा के पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप , मंडल प्रभारी संतोष बघेल, अध्यक्ष सोमारु राम कश्यप, जिला सहसंयोजक लच्छिन यादव, जिला सदस्य पद्मनी कश्यप, जनपद अध्यक्ष रामबती भंडारी, उपाध्यक्ष रितेश जोशी, रैतु राम बघेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष जीवनाथ मौर्य, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष दशरथ बघेल सहित अन्य अनेक कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रिय उपस्थिति और सहभागिता से कार्यक्रम को सफल बनाया।

## विद्यार्थियों ने दिखायी प्रतिभा

### हायर सेकण्डरी स्कूल पुसपाल में हुआ विज्ञान सेमिनार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हायर सेकण्डरी स्कुल पुसपाल में बुधवार को विज्ञान क्लब एवं युवा क्लब द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य व स्टॉफ द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कक्षा नवमी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न शीर्षकों पर रोचक सेमिनार प्रस्तुत किया। परिचर्चा में कक्षा 9वीं से मनीषा ने द्विनामकरण पद्धति, छोटी ने खाद्य श्रृंखला, तुलिका ने हमारा स्वास्थ्य, रिंकी ने सूक्ष्मदर्शी, दशमती ने कोशिका सिद्धांत, नीला नाग ने कचरा प्रबंधन, अंजली ने कोशिकाओं में अंतर, प्रबेन्द्र ने पदार्थ, मीना बघेल ने पराश्रव्य ध्वनी, लक्ष्मण ने ऑटोमोबाइल, कक्षा 10वीं की यशोदा ने पीएच स्केल, निर्जला ने जैव विकास के सिद्धांत, निकिता ने उष्मा संचरण, खुशी ने पादप हॉर्मोन्स, अंकिता ने बहुलक, कक्षा 11वीं से रविन्द्र ने कंकाल तंत्र, तानिया ने पंच जगत वर्गीकरण, बसंत ने वृक्क, तुलिका ने पुष्प की संरचना, अनिता ने पाचन तंत्र, कक्षा 12 से प्रमिला ने मानव विकास, किंजल ने डीएनए पैकेजिंग, सागर ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नंदिनी ने जैव विविधता का संरक्षण, प्रिया ने आनुवंशिक कोड शीर्षक पर अपना सेमीनार दिया।

विज्ञान क्लब प्रभारी श्यामली जाधव व विकास साहू ने बताया कि शाला में प्रतिवर्ष सेमिनार का आयोजन किया जाता है। जिसमें बच्चे उत्साह से भाग लेते हैं। इस तरह विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। प्राचार्य श्यामा देवी नेताम ने कहा बच्चों को प्रोत्साहित करने शाला स्तर पर ऐसे आयोजन किये जाने चाहिए। इससे बच्चों में उत्साह एवं आत्मविश्वास बढ़ता है। यह हमारे संस्था के विज्ञान शिक्षकों की मेहनत का फल है कि आज बच्चों द्वारा इतनी अच्छी प्रस्तुति दी गई। सेमीनार पश्चात प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया गया।

## शिविर में ग्रामवासियों की समस्याओं का हुआ निदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़िया में ग्रामवासियों के विभिन्न समस्याओं

- राशन कार्ड व मनरेगा जॉब कार्ड का किया गया निराकरण

को लेकर तीन दिवसीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया । युवा सरपंच भरत कश्यप ने बताया कि शिविर में ग्राम वासियों का राशन कार्ड बनाने जोड़ने, मनरेगा जॉब कार्ड बनाने एवं गांव की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया । ग्रामवासियों ने इसका भरपूर लाभ लिया और साथ भी दिया। इस दौरान सरपंच समेत उपसरपंच संतू कश्यप, सचिव डमरू राम, पंच पीलूराम, लखन कश्यप, निरंजन बघेल, हेमनाथ, सुदरू सेठिया, गुंडरू सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।



## शिविर में 40 यूनिट किया रक्तदान

**गीदम।** भाजपा मंडल के युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव पर रक्तदान शिविर का आयोजन एमसीएच अस्पताल किया। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत अनेक प्रकार के सेवा कार्य किए जा रहे हैं। शिविर में 40 यूनिट रक्तदान किया गया। पुरुषों के साथ साथ लगभग 10 यूनिट महिलाओं के द्वारा रक्त दान किया। महिलाएं भी इस सेवा कार्य में अपने आपको सबसे आगे रखी। उनके मन में सेवा कार्य के प्रति उत्साह देकर सभी उत्साहित हुए। रक्तदान कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी, जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, सांसद प्रतिनिधि नवीन विश्वकर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, मनीष सुराना, दीपक बाजपाई आदि उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में सदस्य के रूप में श्रीमती नरगिस अंसारी, अनीश जॉर्ज एवं उमेश कश्यप ने बेहतर सहयोग किया। जिससे यह कार्यक्रम सफल रहा।

## महारानी हॉस्पिटल में मरीजों का बेहतर ईलाज और सफाई व्यवस्था दुरूस्त हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

युवा कांग्रेस ने महारानी हॉस्पिटल में अव्यवस्था को लेकर अधीक्षक डॉ संजय प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अस्पताल में आने वाले मरीजों को उचित उपचार उपलब्ध

- युवा कांग्रेस ने ज्ञापन देकर मांगो को पूरा करने कहा



करवाने की मांग की गई । वहीं आवश्यक दवाइयों एवं चिकित्सकीय उपकरणों की कमी को दूर करने कहा गया। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था को दुरूस्त करने कहा गया। आपातकालीन सेवाओं में लापरवाही, आभा ऐप के कारण मरीजों को हो रही असुविधाएं, साथ ही पूर्व में जो सुविधाएं बिना ऐप के उपलब्ध थीं उन्हें पुनः प्रारंभ किया जाए। युवा कांग्रेस ने कहा कि गरीब एवं आम वर्ग के मरीजों को परेशानी होती है। ज्ञापन देने पहुंचे युवा कांग्रेसियों में हेमंत कश्यप, जिला सचिव विजय भारती,कमल, रूपचंद, शैलेश, एकादशी बघेल, रामचंद्र, मितान शामिल थे।

## नगरनार मंडल के कई गांव में की गई साफ सफाई

**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर नगरनार मंडल के शक्ति केंद्र आड़ावाल, नगरनार, कालीपुर माड़पाल आसना,शक्ति केंद्र में स्वच्छता का कार्य किया गया। इस अवसर पर नगरनार मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया सुब्रतो विश्वास, उपाध्यक्ष सिमाचल दास, महामंत्री राजेश शर्मा, पदलाम नाग, लाला राम पटेल,मोहन सेठिया,



सुरेश ठाकुर चीगड़ुराम बघेल रामचंद्र बघेल ,घनश्याम सेठिया मनुराम बघेल,खगेश देवांगन,सुरज नाग, लक्ष्मी घरत मुरली मनोहर दास संगिता महाराणा, चमेली जीराम, जयंती कश्यप, गणेश नागवंशी, रुपेश गुरु नारायणपानीग्राही, मनीराम, समरत,धीरज पांडे, सुनील नाग संजय गुप्ता,सरिता साहू, दिनेश जना,प्रवीण पाल शामिल रहे।

## जावंगा के यूथ हब में उद्यम पाठशाला का आयोजन

**गीदम।** गीदम ब्लॉक के एजुकेशन सिटी जावंगा के यूथ हब में उद्यम पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिलेभर के युवा उद्यमियों ने हिस्सा लिया। जिन्होंने हाल ही में आयोजित स्टार्टअप हंट दंतेवाडा प्रतियोगिता में भाग लिया था। कार्यक्रम के दौरान भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से आए ट्रैनर डॉ संदीप एवं हिमांशु कुमार द्वारा युवाओं को विभिन्न योजनाओं एवं प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान विशेषज्ञों ने न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी दी बल्कि यह भी बताया कि उद्यमी किस प्रकार इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकते हैं। साथ ही, कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं से संवाद करते हुए उनकी व्यवसायिक समस्याओं को सुना गया और समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।




## छतीसगढ़ी लोक नृत्य पर थिरकी कॉलेज की छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य स्थापना की रजत जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सेमिनार का

- राज्य स्थापना के रजत जयंती पर दंतेश्वरी कॉलेज में हुआ कार्यक्रम



आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे के मार्गदर्शन में की गई। मुख्य अतिथि विभागाध्यक्ष विधि काकतीय पीजी कॉलेज डॉ. मोहन सोलंकी, विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रमोद कुमार शुक्ला, व्याख्याता (इंग्लिश) एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय करपावंड थे।

शुभारंभ दीप प्रज्वलन और बीए थर्ड सेमेस्टर की छात्रा आस्था झा के सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद छात्रा नेहा कश्यप और सावित्री कश्यप ने राज्य गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया।

प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ और बस्तर के विकास की झलक के साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के विकास के लिए संकल्पित लक्ष्यों को रखा । मुख्य अतिथि ने अपने व्याख्यान में जनजातियों के विकास में राज्य शासन के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने जनजातियों को सामाजिक भेदभाव और पिछड़ेपन को दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख किया। जैसे शिक्षा और कौशल विकास, कृषि उत्पादन समग्र अभियान, सेवा केंद्र, पर्यटन और स्वरोजगार योजनाएं। इसके अलावा उन्होंने बस्तर में जनजातियों के संरक्षण के लिए चलाई जा रही योजनाओं और संवैधानिक प्रावधानों पर भी चर्चा की। इसके बाद डॉ. शुक्ला ने बस्तर की संस्कृति और धरोहर पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने बस्तर दशहरा, पर्यटन स्थलों और छत्तीसगढ़ की बोलियों के महत्व पर प्रकाश डाला।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इसके बाद छात्राओं ने छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों के विकास और पहचान की कहानी पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। डॉ. प्रिंसी दुग्गा और शबाना बेगम, डॉ गुलाब चंद साहू ने आयोजन में योगदान दिया।

